# JAC वार्षिक परीक्षा, 2023 – प्रश्नोत्तर

सामाजिक विज्ञान / SOCIAL SCIENCE
(MCQ Type)

समय : 1 घंटा | पूर्णांक : 40
Time : 1 Hr. 30 Min. | Full Marks : 40

**1. सन 1774 में बूब राजवंश का लुई XVI किस देश की गद्दी पर आसीन हुआ?**
(1) जर्मनी (2) रूस
(3) फ्रांस (4) अमेरिका

**2. जॉन लॉक ने राजा के देवी और निरंकुश अधिकारों के सिद्धान्त का खंडन अपनी किस पुस्तक में किया है ?**
(1) द ट्रीटाइजेज ऑफ गवर्नमेंट
(2) द स्पिरिट ऑफ द लॉज
(3) द सोशल कॉन्ट्रेक्ट
(4) इक्वेलिटि इन लिबर्टी एण्ड जस्टिस

**3. फ्रांस की मुद्रा को किस नाम से जाना जाता था जिसे 1794 में समाप्त कर दिया गया था?**
(1) पाउंड (2) येन
(3) डालर (4) लिब्रे

**4. यूरोप में निम्न में से कौन-सा समूह वंश-आधारित शासकों की अनियंत्रित सत्ता का विरोधी था?**
(1) राष्ट्रवादी (2) उदारबादी
(3) समाजवादी (4) नारीवादी

**5. रूस में, निम्न में से किस प्रकार की माँग को लेनिन की 'अप्रैल थीसिस' के नाम से जाना जाता है ?**
(1) युद्ध को समाप्त किया जाए
(2) सारी जमीन किसानों के हवाले की जाए
(3) बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाए
(4) उपर्युक्त सभी।

**6. यूरोप में निम्न में से किसका विश्वास था कि पूँजीपतियों के साथ होने वाले संघर्ष में जीत अंततः मजदूरों की ही होगी?**
(1) गिसेप्पे मेजिनी (2) राबर्ट ओवेन
(3) लूई ब्लांक (4) कार्ल मार्क्स

**7. निम्न में से कौन-सा देश प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान मित्र शक्तियों के खेमे में शामिल नहीं था ?**
(1) जर्मनी (2) इंग्लैण्ड
(3) फ्रांस (4) रूस

**8. हिटलर ने जिस विचार धारा को जन्म दिया था उसे क्या कहते हैं ?**
(1) समाजवाद (2) फासीवाद
(3) नात्सीवाद (4) साम्यवाद

**9. जावा में किस समुदाय के लोग कुशल लकड़हारे और घूमंतू किसान के रूप में जाने जाते थे ?**
(1) संथाल (2) कलांग
(3) डच (4) सामिन

**10. वन अधिनियम के चलते गांव वालों की निम्न में से कौन-सी गतिविधियाँ गैरकानूनी बन गई?**
(1) घर के लिए लकड़ी काटना।
(2) पशुओं को चराना।
(3) कंद-मूल फल इकट्ठा करना।
(4) उपर्युक्त सभी।

**11. भोटिया, शेरपा और किन्नौरी समुदाय के लोग निम्न में से क्या थे?**
(1) कृषक (2) जमींदार
(3) चरवाहे (4) मजदूर

**12. औपनिवेशिक सरकार ने 'अपराधी जनजाति अधिनियम कब पारित किया था ?**
(1) 1871 (2) 1881
(3) 1891 (4) 1899

**13. उत्तर में भारत देश को लगभग दो बराबर भागों में निम्न में से कौन-सी रेखा बाँटती है?**
(1) अक्षांश रेखा (3) विषुवत रेखा
(2) कर्क रेखा (4) देशांतर रेखा

**14. उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम की सीमाएँ किस देश को छूती हैं?**
(1) नेपाल (2) चीन
(3) भूटान (4) म्यांमार

**15. तिस्ता तथा दिहांग निम्न में से किनके नाम हैं जो असम हिमालय का सीमांकन करती है ?**
(1) राज्यों (2) पर्वतों
(3) नदियों (4) पठारी भागों

**16. भारत में हिमालय पर्वत की शृंखला में सबसे लम्बी तथा सबसे महत्वपूर्ण शृंखला किसे मानी जाती है?**
(1) धौलाधर (3) महाभारत
(2) पीर पंजाल (4) शिवालिक

© JCERT not to be republished

**17.** **भारत का कौन-सा राज्य तथा नगर सिंधु तथा गंगा नदी तंत्रों के बीच जल विभाजक पर स्थित है?**

(1) हरियाणा-अंबाला (2) पश्चिम बंगाल-हुगली
(3) उत्तराखण्ड–हरिद्वार (4) मध्य प्रदेश-अमरकंटक

**18.** **निम्न में से भारत के प्रायद्वीपीय भाग की एक प्रमुख नदी कौन है जिसे दक्षिण गंगा के नाम से भी जाना जाता है?**

(1) नर्मदा (2) तापी
(3) महानदी (4) गोदावरी

**19.** **महानदी, गोदावरी, कृष्णा तथा कावेरी पूर्व की ओर बहती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। ये नदियाँ अपने मुहाने पर किनका निर्माण करती हैं ?**

(1) भूकम्प (2) डेल्टा
(3) ज्वालामुखी (4) पठार

**20.** **"वन किस प्रकार का संसाधन है?**

(1) मानव-निर्मित (2) अजैव
(3) नवीकरणीय (4) इनमें से कोई नहीं।

**21.** **वन क्षेत्र निम्न में से किन कारणों से कम हो रहे हैं ?**

(1) उद्योगों के विकास होने के कारण।
(2) शहरीकरण की परियोजनाएँ लागू होने के कारण।
(3) कृषि के लिए अधिक क्षेत्र की माँग होने के कारण।
(4) उपर्युक्त सभी।

**22.** **निम्न में से कौन-सा कारण भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा के लिए उत्तरदायी है?**

(1) पश्चिमी विक्षोभ
(2) चक्रवातीय अवदाब
(3) मानसून की वापसी
(4) दक्षिण-पश्चिम मानसून

**23.** **राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(1) 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करना
(2) शिशु मृत्यु दर को कम करना
(3) टीकारोधी बीमारियों से बच्चों को छुटकारा दिलाना
(4) उपर्युक्त सभी।

**24.** **लोकतंत्र के लिए निम्न में से किसका होना जरूरी माना जाता है?**

(1) एक दलीय प्रणाली
(2) स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव
(3) अनियमित चुनाव
(4) प्रेस पर सरकारी नियंत्रण

**25.** **चीन की संसद को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है ?**

(1) राष्ट्रीय जन संसद (2) पार्लियामेन्ट
(3) कांग्रेस (4) ड्यूमा

**26.** **दक्षिण अफ्रीका की गोरों की सरकार ने नेल्सन मंडेला पर किस प्रकार का मुकदमा चलाया था?**

(1) देशद्रोह
(2) नैतिकता के विरुद्ध
(3) भ्रष्टाचार
(4) वित्तीय मामलों के विरुद्ध

**27.** **1950 से ही दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ निम्न में से किसने संघर्ष किया?**

(1) अश्वेत (2) रंगीन चमड़ी वाले
(3) भारतीय मूल के लोग (4) उपर्युक्त सभी।

**28.** **भारत में चुनाव कराने की जिम्मेवारी किस संस्था पर होती है?**

(1) योजना आयोग (2) वित्त आयोग
(3) निर्वाचन आयोग (4) मानवाधिकार आयोग

**29.** **निम्न में से कौन भारत देश का राष्ट्राध्यक्ष होता है और औपचारिक रूप से सबसे बड़ा अधिकारी भी माना जाता है ?**

(1) राष्ट्रपति (2) मुख्य न्यायाधीश
(3) प्रधानमंत्री (4) विदेश मंत्री

**30.** **भारत में निर्वाचित प्रतिनिधियों की राष्ट्रीय सभा को क्या कहा जाता है?**

(1) सर्वोच्च न्यायालय (2) संसद
(3) राष्ट्रपति भवन (4) उपर्युक्त सभी।

**31.** **निम्न में से कौन जनप्रतिनिधियों की ऐसी सभा मानी जाती है जिसके पास देश का कानून बनाने, कर बढ़ाने, बजट बनाने का विशेष अधिकार प्राप्त रहता है?**

(1) कार्यपालिका (2) विधायिका
(3) न्यायपालिका (4) स्थानीय सरकार

**32.** **लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को निम्न में से कौन अधिकार प्राप्त रहते हैं ?**

(1) अपने मत का प्रयोग करना
(2) चुनाव लड़ कर प्रतिनिधि चुनना
(3) अपने विचारों को व्यक्त करना
(4) उपर्युक्त सभी।

**33.** **वोट देने के अधिकार को किस प्रकार का अधिकार माना जाता है?**

(1) सामाजिक अधिकार (2) सांस्कृतिक अधिकार
(3) राजनीतिक अधिकार (4) सार्वजनिक अधिकार

**34.** **पालमपुर में विभिन्न जातियों के कितने परिवार निवास करते हैं ?**

(1) 450 (2) 250
(3) 350 (4) 150

**35.** **निम्न में से उत्पादन के लिए किन चीजों का होना जरुरी माना जाता है?**

(1) भूमि (2) श्रम
(3) भौतिक व मानवीय पूँजी (4) उपर्युक्त सभी।

© JCERT not to be republished

**36.** **शहरी क्षेत्रों में अधिकांशतः किस प्रकार की बेरोजगारी पायी जाती है ?**

(1) मौसमी (2) शिक्षित

(3) ऐच्छिक (4) प्रच्छन्न

**37.** **'हरित क्रान्ति' का सम्बन्ध निम्न में से किससे है ?**

(1) कृषि उत्पादन (2) दुग्ध उत्पादन

(3) मत्स्य पालन (4) मधुमक्खी पालन

**38.** **भारत में निर्धनता का प्रमुख कारण क्या है ?**

(1) भूमिहीनता (2) बेरोजगारी

(3) अशिक्षा (4) उपर्युक्त सभी।

**39.** **राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम वर्ष में कितने दिनों के रोजगार उपलब्ध कराने की गारंटी प्रदान करता है ?**

(1) 50 दिन (2) 200 दिन

(3) 100 दिन (4) 250 दिन

**40.** **बफर स्टॉक योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है ?**

(1) किसानों का समर्थन करना

(2) भोजन की कमी की समस्या को हल करना

(3) लाभ कमाने के लिए अनाजों का भंडारण करना

(4) बिचौलियों को प्रोत्साहन देना

© JCERT not to be republished

## उत्तर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 11 | 3 | 21 | 4 | 31 | 2 |
| 2 | 1 | 12 | 1 | 22 | 1 | 32 | 4 |
| 3 | 4 | 13 | 2 | 23 | 4 | 33 | 3 |
| 4 | 1 | 14 | 1 | 24 | 2 | 34 | 1 |
| 5 | 4 | 15 | 3 | 25 | 1 | 35 | 4 |
| 6 | 4 | 16 | 2 | 26 | 1 | 36 | 2 |
| 7 | 1 | 17 | 1 | 27 | 4 | 37 | 1 |
| 8 | 3 | 18 | 4 | 28 | 3 | 38 | 4 |
| 9 | 2 | 19 | 2 | 29 | 1 | 39 | 3 |
| 10 | 4 | 20 | 4 | 30 | 2 | 40 | 1 |